भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 733
दिनांक 23 जुलाई, 2026

आईबीपी से मिले अस्थायी सीओसीओ

†733. **कैप्टन विरयाटो फर्नांडीसः**

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विलय के पश्चात् इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) को आईबीपी से मिले कंपनी स्वामित्व में कंपनी द्वारा संचालित (सीओसीओ) सभी अस्थायी खुदरा बिक्री केन्द्रों का ब्यौरा क्या है, साथ ही स्थान, भू-स्वामी का नाम, डीलरशिप की वर्तमान स्थिति, डीलर का नाम, डीलरशिप की श्रेणी और डीलरशिप मिलने की दिनांक संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) ऐसे कितने अस्थायी सीओसीओ अभी भी तदर्थ डीलरों के माध्यम से चलाए जा रहे हैं, साथ ही तदर्थ डीलर का नाम और विलय के बाद से प्रत्येक आउटलेट को तदर्थ आधार पर चलाए जाने की अवधि सहित स्थानवार ब्यौरा क्या है;

(ग) अस्थायी सीओसीओ और प्रत्यक्ष डीलरशिप के लिए आईबीपी पालिसी संख्या एमपीडीएम/319/02, दिनांक 08.10.2002 के अंतर्गत दी गई डीलरशिप संबंधी ब्यौरा क्या है, साथ ही स्थान, भू-स्वामी का नाम, डीलर का नाम, डीलरशिप की श्रेणी और डीलरशिप दिए जाने की दिनांक संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) तदर्थ डीलरों के माध्यम से अस्थायी सीओसीओ खुदरा विक्री केन्द्रों के संचालन को लेकर 2007 से अब तक आईओसीएल द्वारा जारी सभी पॉलिसियों/दिशानिर्देश संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) गोवा में वर्ना और अंबोरा में स्थित दो अस्थायी आईओसीएल सीओसीओ की डीलरशिप की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सुरेश गोपी)

(क) विलय के बाद इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) को आईबीपी से 245 अस्थायी कंपनी के स्वामित्व वाली कंपनी द्वारा संचालित (सीओसीओ) खुदरा बिक्री केन्द्र मिले हैं।

(ख) आईओसीएल द्वारा तदर्थ डीलरों के माध्यम से संचालित होने वाली ऐसी 29 अस्थायी सीओसीओ हैं।

(ग) आईबीपी नीति संख्या एमपीडीएम/319/02 दिनांक 08.10.2002 के तहत सीधे या अस्थायी सीओसीओ से 221 आरओ डीलरशिप प्रदान की गई हैं।

(घ) आईओसीएल द्वारा वर्ष 2007 से आज तक जारी की गई सभी नीतियों/दिशानिर्देशों का विवरण, जो तदर्थ डीलरों के माध्यम से अस्थायी सीओसीओ खुदरा बिक्री केन्द्रों के संचालन को नियंत्रित करते हैं, का विववरण निम्नलिखित हैं:-

नीति परिपत्र संख्या	तारीख	विषय
164-01/2010	05.01.2010	अस्थायी सीओसीओ का संचालन
203-05/2012	10.05.2012	अस्थायी सीओसीओ का संचालन
285-08/2020	12.08.2020	कोविड-19 के कारण तदर्थ डीलर चयन मानदंडों में संशोधन
311-06/2023	14.06.2023	तदर्थ डीलरशिप के माध्यम से नए और बंद किए गए "ए" साइट आरओ/केएसके का संचालन
324-03/2025	03.03.2025	नए, बंद और निष्क्रिय "ए" आरओ/केएसके का संचालन तदर्थ डीलरशिप के माध्यम से किया जाता है।
324-03/2025/ए	01.07.2026	तदर्थ डीलरशिप के माध्यम से नए, बंद किए गए और निष्क्रिय "ए" साइट आरओ/केएसके के संचालन के लिए दिशानिर्देश

(ङ) गोवा के वर्ना और अंबोरा में स्थित आईओसीएल सीओसीओ संयंत्र हीरा पेट्रोलियम और कर्मा ऑटो पार्क के नाम से संचालित हो रहे हैं।